Rapid Fire करेंट अफेयर्स (25 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-25

1. अरविंद सिंह

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद सिंह को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airports Authority of India- AAI) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। अरविंद सिंह महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र में ही कार्यरत हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airports Authority of India-AAI): भारतीय राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण का गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया था। 1 अप्रैल, 1995 को भारतीय राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण का विलय करके भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर दिया गया। तब से यह ग्राउंड (Ground) और एयरस्पेस (Airspace) दोनों में नागरिक उड्डयन अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन का कार्य करता है।

2. सुखबीर सिंह संधू

हाल ही में सुखबीर सिंह संधू को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) का प्रमुख नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड कैडर के वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह अभी तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनात थे। अभी तक NHAI के प्रमुख रहे नागेंद्र नाथ सिन्हा की सीमा प्रबंधन विभाग में सचिव पद पर नियुक्ति की गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India-NHAI): भारत के संपूर्ण राजमार्ग संजाल को भारतीय 'राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' द्वारा प्रबंधित किया जाता है और यह राजमार्गों के विकास तथा रखरखाव के लिये ज़िम्मेदार है। इस प्राधिकरण का गठन संसद के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1988 द्वारा किया गया था। यह प्राधिकरण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। यह प्राधिकरण देश में सड़कों और पुलों के लिये मानक विकसित करता है।

3. सखारोव पुरस्कार

यूरोपीय संघ की संसद द्वारा इस वर्ष के सखारोव पुरस्कार के लिये उईगर बुद्धिजीवी ‘इल्हाम तोहती ’ को चुना गया है। इल्हाम तोहती को यह पुरस्कार चीन के उईगर अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की आवाज़ उठाने के लिये प्रदान किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि उन्होंने उईगर और चीन के लोगों के मध्य बातचीत व परस्पर विश्वास को बढ़ाने के लिये निरंतर कार्य किया है। इल्हाम तोहती बीजिंग यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 में उन्हें चीन सरकार द्वारा ‘अलगाववादी’ होने के आरोप में आजीवन कारावास की सज़ा दी गई है।

सखारोव पुरस्कार: इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1988 में हुई थी और तब से यह प्रतिवर्ष ‘विचारों की स्वतंत्रता’ के लिये किसी व्यक्ति या संगठन को प्रदान किया जाता है। यह यूरोपीय संघ की संसद द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार सोवियत संघ के भौतिक विज्ञानी व विचारों की स्वतंत्रता के समर्थक आँद्रे सखारोव की स्मृति में प्रदान किया जाता है।

उईगर मुस्लिम: उईगर मुस्लिम चीन के झिनझियांग प्रांत में निवास करने वाले अल्पसंख्यक हैं। उईगर नृजातीय रूप से तुर्की के मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं। चीन के झिनझियांग प्रांत में इनकी जनसंख्या तकरीबन 40 प्रतिशत है।